गुना में भीषण सड़क हादसा, 8 घायल

मोहरपुर-खेरीखता मार्ग पर हादसा, बैतूल से लौट रहे थे

नवभारत न्यूज

गुना। जिले के धरनावदा क्षेत्र अंतर्गत मोहरपुर-खेरीखता मार्ग पर बुधवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना सामने आई है। बैतूल जिले में स्थित संत रामपाल महाराज के आश्रम से भंडारा और दर्शन कर लौट रहे भील समुदाय के श्रद्धालुओं से भरी एक पैसेंजर ऑटो (टैक्सी) को सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी।

भिड़ंत इतनी भयावह थी कि टक्कर लगते ही ट्रैक्टर और ऑटो दोनों ही अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गए। इस दर्दनाक हादसे में ऑटो में सवार महिला, पुरुष और मासूम बच्चों सहित कुल 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुना जिले के ग्राम चाकरी और कुछ पड़ोसी गांव देहरीपुरा निवासी भील समुदाय के लोग बैतूल जिले में स्थित संत रामपाल महाराज के आश्रम में आयोजित विशाल भंडारे और धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने गए थे। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात वे बैतूल से ट्रेन द्वारा रवाना हुए और बुधवार सुबह करीब 7 बजे गुना रेलवे स्टेशन पहुँचे। इसके बाद, अपने गांव चाकरी वापस लौटने के लिए सभी श्रद्धालु स्टेशन के बाहर से एक पैसेंजर ऑटो में सवार हुए थे।

गलत दिशा से आ रहा था ट्रैक्टर

प्रत्यक्षदर्शियों और ऑटो में सवार यात्रियों के मुताबिक, बुधवार सुबह लगभग 8 बजे जब उनका ऑटो मोहरपुर-खेरीखता मार्ग से गुजर रहा था, तभी सामने से एक ट्रैक्टर बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से आता हुआ दिखाई दिया।

> हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सभी 8 घायलों को तत्काल एम्बुलेंस और अन्य वाहनों के जरिए गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में ग्राम चाकरी के भील समुदाय के लोग शामिल हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम अस्पताल में मुस्तैदी से घायलों के उपचार में जुटी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों (ट्रैक्टर और ऑटो) को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही और गलत दिशा से आने की बात प्राथमिक जांच में सामने आई है।

मादक पदार्थ गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

शाहगंज. जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को 818 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी को न्यायालय में पेश कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बकतरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र उइके को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मकोड़िया जोड़ के पास एक महिला अवैध रूप से गांजा लेकर खड़ी है. पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए घेराबंदी कर महिला को हिरासत में लिया. पूछताछ में महिला ने अपना नाम बिहुआ बसोड़ उर्फ वैंजती पत्नी विनोद बसोड़ निवासी कोटरा सुल्तानाबाद, थाना कमला नगर, भोपाल बताया. तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 818 ग्राम गांजा बरामद हुआ.

8 साल बाद भी नई मंडी में तुलाई शुरू नहीं

तौल अब भी निजी वेयरहाउस और पुरानी गल्ला मंडी में

दोहरी व्यवस्था का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा

नवभारत न्यूज

विदिशा 1 जुलाई, करोड़ों रुपये की लागत से किसानों और व्यापारियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई गई मिर्जापुर स्थित नवीन कृषि उपज मंडी आज भी अपनी मूल व्यवस्था के लिए संघर्ष कर रही है.

मंडी शुरू हुए करीब आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन यहां आज तक तुलाई (वजन) की समुचित व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है. स्थिति यह है कि किसानों की उपज की नीलामी तो नई मंडी परिसर में होती है, लेकिन तौल के लिए उन्हें निजी वेयरहाउस या पुरानी गल्ला मंडी तक जाना पड़ता है. इस दोहरी व्यवस्था का सबसे अधिक खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है. नीलामी के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली या अन्य वाहनों में उपज भरकर दूसरी जगह ले जाना पड़ता है, जिससे समय, श्रम और परिवहन लागत बढ़ जाती है. कई बार लंबी दूरी तय करने और इंतजार के कारण किसानों को घंटों तक परेशान होना पड़ता है. नई मंडी परिसर में व्यापारियों के लिए प्लॉट हैं ताकि व्यापारिक गतिविधियां एक ही स्थान पर संचालित हो सकें। लेकिन मंडी परिसर में निर्धारित कीमतें अधिक होने का हवाला देकर व्यापारी प्लाट खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं.

आदेश कई, अमल नहीं

पिछले आठ वर्षों में जिले में कई कलेक्टर बदले और समय-समय पर नई मंडी में सभी व्यवस्थाएं शुरू कराने के निर्देश भी दिए गए. मंडी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को कई बार तुलाई व्यवस्था एक ही परिसर में शुरू करने के आदेश मिले, लेकिन धरातल पर स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है. प्रशासनिक बैठकों में यह मुद्दा कई बार उठ चुका है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल सका. तुलाई की व्यवस्था अलग-अलग स्थानों पर होने से शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है. नीलामी के बाद बड़ी संख्या में अनाज से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक और अन्य वाहन शहर की ओर निकलते हैं. इससे प्रमुख मार्गों पर अक्सर जाम रहता है.

पांच हजार की इनामी महिला आरोपी गिरफ्तार

बैंक से चोरी गये करीब1 लाख 11 हजार बरामद

नवभारत न्यूज

सिरोंज 1 जुलाई, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में सिरोंज पुलिस ने बैंक परिसर में हुई नगदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए 5 हजार की उद्घोषित इनामी महिला आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये 1 लाख 11 हजार रुपए की संपूर्ण राशि उसके कब्जे से बरामद करने में सफलता हासिल की है.

जानकारी के अनुसार गत दिनों पंजाब नेशनल बैंक सिरोंज से फरियादी रिजवान शाह निवासी सिरोंज के बैग से अज्ञात महिला द्वारा 1 लाख 11 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए गये थे. फरियादी की शिकायत पर थाना सिरोंज में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात महिला आरोपी की जानकारी देने एवं गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले के लिए 5 हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई थी. विवेचना के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिरोंज निरीक्षक गजेंद्र सिंह बुंदेला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी सुधा सिसोदिया निवासी कड़िया सांसी, थाना बोड़ा, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी गई करीब 1 लाख 11 हजार रुपए की संपूर्ण राशि बरामद की गई. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सिरोंज निरीक्षक गजेंद्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक जितेंद्र, प्रधान आरक्षक शशांक, आरक्षक अजब सिंह बघेल, आरक्षक विष्णु तोमर एवं महिला आरक्षक प्रियंका बघेल की सराहनीय भूमिका रही.

युवक से ठगी का मामला

ललितपुर. थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम खिरिया उबारी में व्यापार में साझेदारी का झांसा देकर पश्चिम बंगाल के एक युवक से 97,404 रुपये की कथित ठगी करने का मामला सामने आया है. पीड़ित की शिकायत पर पहले पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर कोतवाली थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी. ललितपुर के नाराहट थाने स्थानांतरित किया गया. स्थानीय पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पश्चिम बंगाल के नादिया जनपद के कृष्णागंज क्षेत्र के इटला उत्तरपरा निवासी अनूप विश्वास ने शिकायत में बताया कि वह कुछ समय पूर्व नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया उबारी में कार्यरत थे. इसी दौरान उनकी पहचान गांव के राकेश पटेल रितेश पटेल तथा मनोहर पटेल से हुई थी.

स्कूल वैन की टक्कर से दो बाइक सवार मृत

जैसीनगर थाना क्षेत्र के सरखड़ी-बांसा मार्ग पर ताजपुर तिराहे की घटना

नवभारत न्यूज

सागर 1 जुलाई. जैसीनगर थाना क्षेत्र के सरखड़ी-बांसा मार्ग पर स्थित ताजपुर तिराहे के पास तेज गति से आ रही एक स्कूल वैन ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी. सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई. जबकि अनियंत्रित स्कूल वैन सड़क किनारे एक पेड़ से जा भिड़ी. हादसे के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया.

जानकारी के अनुसार बांसा गांव निवासी 42 वर्षीय गुड्डू यादव 27 वर्षीय मित्र रामबाबू कुर्मी निवासी सिंगारचौरी के साथ बाइक से किसी निजी कार्य के सिलसिले में सागर जा रहे थे. जब उनकी बाइक ताजपुर तिराहे के समीप पहुंची, तभी सामने से आ रही सरखड़ी कॉन्वेंट स्कूल की

वैन ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलते ही जैसीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया. गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तत्काल भाग्योदय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक को टक्कर मारने के बाद स्कूल वैन का चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और वैन सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई. पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक के भाई विजय यादव ने बताया कि संबंधित स्कूल वैन सरखड़ी से बांसा गांव बच्चों को लेने आ रही थी. उनके अनुसार, दुर्घटना के समय वैन में लगभग तीन बच्चे भी सवार थे. हालांकि जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, तब वहां न तो चालक मौजूद था और न ही बच्चे दिखाई दिए. उन्होंने बताया कि हादसे के समय गुड्डू यादव बाइक चला रहे थे, जबकि रामबाबू पीछे बैठे हुए थे. परिवार ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

बायपास के पास कार को ट्रक ने मारी टक्कर

ब्यावरा 01 जुलाई, का. शहर के बायपास स्थित सीएनजी पंप के पास सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह ग्वालियर में एक स्कूल में ट्रांसपोर्ट इंचार्ज है और परिवार के साथ सीहोर स्थित कुबेरेश्वर महादेव के दर्शन कर अपनी कार से ग्वालियर लौट रहा था. ब्यावरा बायपास स्थित सीएनजी पंप पर गैस भराने के बाद उसने बच्चों को बैठाने के लिए कार रोकी. इसी दौरान सीएनजी पंप की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ट्रक के चालक ने ओवरटेक करते हुए कार के ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी.

एक नजर में

विद्यार्थियों को बताए विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय

बुधनी. विद्युत सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वर्धमान फेब्रिक्स के तत्वावधान में भारती विद्या मंदिर स्कूल में विद्युत सुरक्षा एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि महेंद्र खांटे एवं दीपक कुमार राणा थे. वर्धमान फेब्रिक्स के अंकित यादव, आशीष शर्मा, देवरथ गौतम, ओम प्रकाश, कृष्ण कुमार एवं शोएब मिर्जा ने विद्यार्थियों को विद्युत सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी. विद्युत सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया.

प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया

सागर. शासकीय कन्या महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहा. प्राध्यापक ने काली पट्टी बांधकर लंबित मागों हेतु साकेंतिक आंदोलन किया. शासन द्वारा आवंटित सभी कार्यो को प्रवेश, परीक्षा एवं दीक्षारम्भ कार्यो को काली पट्टी लगाकर किया. संभागीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि दुबे ने बताया कि शिक्षक काली पट्टी लगाकर कार्य करेगें तथा जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जावेगा. जिला अध्यक्ष डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने बताया आंदोलन हेतु संभाग अध्यक्ष द्वारा संघर्ष समिति का गठन किया गया है, जिसमें संभाग के सभी जिला अध्यक्षों की समिति का गठन किया गया है.

राजस्व कार्यों की समीक्षा 4 को आयोजित

विदिशा, जिले में राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार 4 जुलाई की पूर्वाहन 11 बजे से कलेक्ट्रेट बेतवा सभाकक्ष में संपन्न होगी. बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार आवश्यक जानकारी एवं अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं .साथ ही संबंधित शाखाओं को एजेंडा से संबंधित समस्त जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है. बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, लंबित प्रकरणों के निराकरण, राजस्व अभिलेखों के अद्यतन, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अधिकार संबंधी मामलों तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा की जाएगी .लेक्टर श्री गुप्ता ने सभी अधिकारियों को समयबद्धता एवं पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

मारपीट के मामले में दो फरार आरोपी गिरफ्तार

विदिशा, कोतवाली पुलिस ने मारपीट एवं हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. पुलिस के अनुसार, 27 फरवरी को मेडिकल कॉलेज से प्राप्त अस्पताल तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया था .विवेचना के दौरान फरार चल रहे दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी. पुलिस टीम ने दबिश देकर दीप जाटव 22 वर्ष एवं कबीर जाटव 21 वर्ष दोनों निवासी रामलीला चौराहा, विदिशा को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया.

साइबर फ्रॉड : पांच के नोट का 17 लाख में सौदा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 01 जुलाई, का. साइबर फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाया गया है. अभियान के तहत साइबर फ्रॉड के गंभीर मामले में ब्यावरा सिटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. करीब सवा 3 लाख की रकम सहित आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है.

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में थाना ब्यावरा शहर पुलिस एवं साइबर टीम ने साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3,24,000 नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं.

जब फरियादी को यह एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हो चुकी है और उसकी पूरी जमा पूंजी चली गई है, तो वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया तथा आत्महत्या करने के उद्देश्य से घटनास्थल तक पहुंच गया. इसी दौरान ग्राम आलमपुर निवासी बलवंत सिंह सौंधिया ने समय रहते उसे समझाया, आत्महत्या जैसा कदम उठाने से रोका तथा उसे अपने साथ थाना ब्यावरा शहर लेकर पहुंचे, जहां फरियादी ने पूरी घटना पुलिस को बताई.

डॉक्टर्स डे पर अपना घर आश्रम में डॉ. जी.के. माहेश्वरी का सम्मान

विदिशा. डॉक्टर्स डे के अवसर पर अपना घर आश्रम में वरिष्ठ चिकित्सक एवं आश्रम के अध्यक्ष डॉ. जी.के. माहेश्वरी का शॉल एवं सम्मान-पत्र भेंटकर सम्मान किया गया. चिकित्सा और समाजसेवा के क्षेत्र में पांच दशक से अधिक समय से उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई. कार्यक्रम में बताया गया कि डॉ. माहेश्वरी वर्ष 1974 से चिकित्सा सेवा से जुड़े हैं और 1976 से विदिशा में मरीजों की सेवा कर रहे हैं. सम्मान के बाद डॉ. माहेश्वरी ने अपनी उपलब्धियों का श्रेय परिवार, सहयोगियों और शुभचिंतकों को दिया.

डंपर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

नवभारत न्यूज

बुधनी 1 जुलाई. बुधनी थाना क्षेत्र के तालपुरा जोड़ पर बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया. मिट्टी-पत्थर से भरे डंपर और बाइक की टक्कर में चार वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल उसकी मां ने जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. हादसे में घायल पिता का उपचार जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया तथा नगर में भारी वाहनों की आवाजाही पर दोबारा नो-एंट्री लागू करने की मांग तेज हो गई.

पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे बुधनी की ओर से आ रहा मिट्टी-पत्थर से भरा डंपर तालपुरा जोड़ की ओर मुड़ रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक डंपर से टकरा गई. प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि टक्कर के बाद चालक ने डंपर रिवर्स कर दिया, जिससे बाइक पर सवार चार वर्षीय तनिष्क कीर, पिता मनीष कीर, निवासी ग्राम जाजना, वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसे में बाइक चला रहे मनीष कीर और उनकी पत्नी प्राची गौर गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची. दोनों घायलों को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया,

मानधन योजना में पंजीयन के निर्देश

राजगढ़ 01 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के अधिक से अधिक पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए. आगामी वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया.

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
वीर सावरकर जोन क्र.-04 (मंगलवारा)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र. 04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वर्गीकृत बाजार न्यू कबाड़खाना के भूखण्ड क्र. 733 एवं 734 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है, जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जोन क्र.	वार्ड क्र.	आवंटी का नाम	स्थान एवं भूखण्ड	आकार	नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम	नामांतरण का आधार
1.	4	17	श्री अकरम आत्मज श्री मोहम्मद इशहाक	भूखण्ड क्र.-733 वर्गीकृत बाजार	12×20 =240 वर्गफुट	श्री मोहम्मद इसरार आत्मज श्री मोहम्मद अनवार	आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज
			श्री अकरम आत्मज श्री मोहम्मद इशहाक	भूखण्ड क्र.-734 वर्गीकृत बाजार	12×20 =240 वर्गफुट	श्री मोहम्मद इसरार आत्मज श्री मोहम्मद अनवार	आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्र.-17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें. नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी.

जोनल अधिकारी
सू.क्र. 381/026/027 जोन क्र. 04, नगर पालिक निगम भोपाल

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Government of M.P. Undertaking)
Office of The General Manager (O&M) Circle, Narmadapuram
Phone No. : 07574-255594, Fax No. : 07574-256180
E-mail ID : mpczgmhoshangabad@gmail.com
No. GM/O&M/Pur/NIT-2 Narmadapuram, Dated : 01.07.2026

NOTICE INVITING E-TENDERS

E-Tender are invites bids from the eligible bidders for Rate contract for following work :-

Name of Works	App.Value of Tender (In Lakhs)	EMD (In Rs.)	Last Date of Tender Documents	Opening Date & Time of Tender
Rate Contract for Supply & Installation of Peripherals for Computer, Printer, Networking and Other IT Equipments, Repairing of Computers & Printers and Toner Refilling in Various Type of Printers for Offices Situated Under O&M Circle Narmadapuram.	15.00	30,000/-	14.07.2026 Up to 14.00 Hrs.	15.07.2026 at 15.30 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/126678/2026 GM (O&M)

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय
ग्राम मुगलिया कोट, सूखी सेवनिया, भोपाल- 486032
क्र./शोध प्रकोष्ठ/2026/1164 दिनांक : 01.07.2026

विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश सूचना सत्र 2026-27

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए **12 शिक्षण विभागों** (रसायन शास्त्र, वाणिज्य, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा, चित्रकला, भूगोल, हिंदी भाषा और अनुवाद, इतिहास, विधि, भौतिकी तथा योग एवं मानव चेतना) में **विद्यावारिधि (पीएच.डी.)** में प्रवेश हेतु यूजीसी विनियम 2022 (समय-समय पर संशोधित) के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यू.जी.सी-नेट (UGC-NET) एवं सी.एस.आई.आर-नेट (CSIR-NET) द्वारा पीएच.डी. हेतु पात्र (केवल जून 2026 एवं दिसम्बर 2025) तथा वैध जेआरएफ (JRF) धारक उम्मीदवार प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया **01 जुलाई 2026** से प्रारंभ हो रही है तथा आवेदन की अंतिम तिथि **24 जुलाई 2026** है। विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.abvhv.edu.in** का अवलोकन करें। विभिन्न वर्गों/श्रेणियों के लिए आरक्षण म.प्र. शासन के नियमानुसार प्रदान किया जायेगा।
म.प्र. माध्यम/126657/2026 कुलसचिव

क्षेत्रीय कार्यालय
मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड
कुशाभाऊ ठाकरे हॉल परिसर, राजभवन के सामने, भोपाल- 462003
ई-मेल : bhopal@mp.gov.in, दूरभाष नं. : 0755-2766750
निविदा क्रमांक 02/26 दिनांक : 30.06.2026

अनुपयोगी सामग्रियों की नीलामी हेतु निविदा विज्ञप्ति

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल प्रक्षेत्र की इकाई लेक व्यू रेसीडेंसी भोपाल में उपलब्ध अनुपयोगी सामग्रियों के निष्प्रयोजन हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	इकाई का नाम	नीलामी दिनांक	समय	संपर्क सूत्र
1	लेक व्यू रेसीडेंसी, भोपाल	06.07.2026 क्षेत्रीय कार्यालय कु.ठा.इं.क.से. भोपाल	दोपहर 12:00 बजे	8224889875 9977255272

इकाइयों की अनुपयोगी सामग्री **जहां है जैसा है** कि स्थिति में नीलामी हेतु सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। (अनुपयोगी सामग्री इकाई लेक व्यू रेसीडेंसी भोपाल में देखी जा सकेगी। इच्छुक संस्थाएं/व्यक्ति निविदा फार्म (मूल्य रु.500/- गैर-वापसी योग्य) क्षेत्रीय कार्यालय, कुशाभाउ ठाकरे इंटरनशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल से कार्यालयीन दिवस व समय में दिनांक 02.07.2026 एवं 03.07.2026 सांय 06 बजे तक क्रय कर सकते हैं। निविदा फार्म दिनांक 06.07.2026 को दोपहर 11:00 बजे तक अनिवार्य रूप से क्षेत्रीय कार्यालय, कुशाभाउ ठाकरे इंटरनेशल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में जमा किया जाना है। निविदा दिनांक 06.07.2026 को दोपहर 12 बजे क्षेत्रीय कार्यालय, कुशाभाउ ठाकरे इंटरनेशल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में खोली जावेगी। सफल निविदाकर्ता को सामग्री क्रय कर दिनांक 08.07.2026 तक इकाई लेक व्यू रेसीडेंसी भोपाल से ले जाना अनिवार्य होगा। (निविदा हेतु राशि रु.5000/-का डी.डी. RO MPSTDC, Bhopal के नाम से सुरक्षा निधि के रूप में जमा की जाएगी)।
(अधिक जानकारी हेतु संपर्क: 7880108501, 8824889875, 9977255272)
म.प्र. माध्यम/126669/2026 क्षेत्रीय प्रबंधक, भोपाल